Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 29-10-2022 | अंक 386

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### घरेलू विवाद में हुई मारपीट में महिला घायल

सतगावां थाना क्षेत्र के ग्राम ढाब टीटैयाटांड़ में शुक्रवार की संध्या हुई मारपीट में एक महिला घायल होने का मामला प्रकाश में आया है। घायल महिला की पहचान किरण देवी 32 वर्ष पति संतोष प्रसाद यादव के रूप में की गई है ।घायल अवस्था में महिला थाना पहुंची जहां थाने के द्वारा इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहाँ घायल महिला का प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं महिला ने बताया कि घरेलू विवाद के कारण मारपीट में सर में चोट लगा और घायल हो गई । पीड़ित ने थाने में आवेदन दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आवश्यकता

गया में एक एंबुलेंस ड्राइवर की जरूरत है। सैलरी 8,000 रहना फ्री। इच्छुक व्यक्ति इस नंबर पर संपर्क करे

संपर्क सूत्र 9934337941




# 16 करोड़ की लागत से होगा राधागोपाल इस्पात एलएलपी कंपनी का विस्तारीकरण, 135 लोगों को मिलेगा रोजगार

## झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से विस्तारीकरण को लेकर पर्यावरण लोक सुनवाई का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड रांची की ओर से बरही औद्योगिक प्रक्षेत्र में संचालित राधागोपाल इस्पात एल एलपी कम्पनी के प्लॉट संख्या 52 ( पी )के विस्तारीकरण को लेकर पूर्व निर्धारित स्थान आरएनवाईएम कॉलेज बरही में समारोह पूर्वक पर्यावरण लोक सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीओ पूनम कुजूर एवं संचालन झारखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के रीजनल अ०फिसर अशोक कुमार यादव ने किया। सीओ अरविंद देवाशीस टोप्पो, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, प्रमुख मनोज रजक, विधायक प्रतिनिधि छठू गोप, सुनील साहू, मुखिया यास्मीन तबासुम, अब्दुल मनान वारसी, मैन्युफैक्चरस एसोसिएशन के अध्यक्ष पीके गर्ग , सचिव राजीव अग्रवाल शामिल रहे। सभी अतिथियों का स्वागत राधा गोपाल कंपनी के प्रबंधन के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर किया गया । प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आरओ अशोक कुमार यादव ने राधागोपाल इस्पात एलएलपी कंपनी के विस्तारीकरण से संबंधित जानकारी विस्तार से दी। साथ ही विस्तारीकरण से मिलने वाले प्रत्यक्ष एवम अप्रत्यक्ष




लोक सुनवाई कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी एवम जनप्रतिनिधि

रोजगार के बारे में बताया। इसके बाद प्रोजेक्ट कंसल्टेंट डॉ सीपी जैन ने प्रोजेक्ट की जानकारी देते हुए बताया कि राधागोपाल इस्पात कंपनी की उत्पादन क्षमता फिलहाल 27000 टन प्रति वर्ष है। जबकि विस्तारीकरण के बाद 91200 टन प्रति वर्ष उत्पादन क्षमता हो जाएगा। वही मौजूदा स्लैग क्रशर की क्षमता को भी 6000 टन प्रति वर्ष से बढ़ाकर 30400 टन प्रति वर्ष किया जाएगा। । विस्तारीकरण के लिए अलग से कोई जमीन नही ली जाएगी। उन्होंने बताया कि 16 करोड़ लागत से बनने वाले इस प्रोजेक्ट से उत्पादन क्षमता में काफी वृद्धि होगी। लिहाजा रोजगार का भी सृजन होगा। इस प्रोजेक्ट को चालू होने से 135 लोगों को प्रत्यक्ष एवम अप्रत्यक्ष तौर पर रोजगार मिल पायेगा। साथ ही परिवहन यात्रा, पैकेजिंग, सूचना प्रौद्योगिकी, दूरसंचार , ऑटोमोबाइल कुरियर आदि के क्षेत्र में प्रस्तावित विस्तार के कारण अन्य अप्रत्यक्ष रोजगार की भी संभावना बढ़ेगी। जल, वायु प्रदुषण के नियंत्रण के लिए जरूरी सभी उपकरण लगाए जायेंगे। प्रदूषण कम से कम हो इसके लिए जरूरी हर संभव प्रयास किया जाएगा । प्रोजेक्ट के संरंचना के समय 2500 श्रम दिवस का रोजगार सृजन होगा। प्रबंधन के लिए 35 नियमित रोजगार सृजित होगी। मौके पर ग्रामीणों ने स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने की मांग रखी। कहा की नए एवम पुराने सभी प्रोजेक्ट में कोनरा के लोगों को रोजगार दिया जाय। जन सुनवाई प्रभावित क्षेत्र में होने से स्थानीय लोगों को लाभ मिल पाएगा। जिसे राधागोपाल कंपनी के द्वारा सहमति जताई गई। साथ ही उनके द्वारा व्यवसायिक स्वास्थ्य के उपाय, हरित पट्टी के विकास, पर्यावरण निगरानी कार्यक्रम, पर्यावरण प्रबंधन योजना से संबंधित कार्य किए जाने की बात कही गयी। जिसके बाद झारखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अशोक यादव के द्वारा ग्रामीणों को आश्वस्त किया गया की उनके मांगो को विभाग तक पहुंचा दिया जाएगा। एसडीओ की सहमति के बाद जनसुनवाई समाप्त की गई। हालांकि जन सुनवाई में रोजगार और प्रदूषण का विषय छाया रहा। सभी ने प्रदूषण की समस्या को समाधान करने की मांग की। मौके पर राजीव अग्रवाल, विनय गोयनका, पवन कुमार गर्ग, बीके तिवारी, सूर्यकांत तिवारी, मुखिया प्रतिनिधि मो ताजुद्दीन, जियाउल हक, अमित जयसवाल, मो सफाउल, मो सेराज उर्फ चांद, विकास छाबड़ा, मो मनाउर, मो जमाल, मो रसीद सहित कई लोग मौजूद रहे।

# मुखिया मकीना खातून ने करवाई पंचायत के सभी छठ घाट की सफाई

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

लोकआस्था का महापर्व छठ पूजा को देखते हुए विजैया मुखिया मकीना खातून ने अपने सहयोगियों के साथ शनिवार को पंचायत के छठ घाट विजैया, बेलहरा, ठाकुर टोला, चौधरी टोला, मोदी टोला, गुड़ियो ठाकुर टोला, बैजलाडीह एवं मौनाटांड़ की साफ सफाई करवाई। मुखिया मकीना खातून ने बताया की छठ प्रकृति की आराधना का महापर्व है, जो पर्यारण को स्वच्छ बनाने का संदेश देता है। इसीलिए त्योहार से पहले नदी, पोखर एवं तालाब आदि जलाशयों की सफाई की जाती है।



छठ घाट की सफाई कराते मुखिया एवम अन्य

हमलोगों को इस पवित्र पर्व को शांति सौहार्द एवम भक्ति के साथ मनाना है। मौके पर उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, मुखिया प्रतिनिधि मो मंसूर, उपमुखिया प्रतिनिधि सुखदेव यादव, विजय यादव, उमेश यादव, सीताराम यादव, राजू यादव, विनोद यादव, प्रदीप ठाकुर, उमेश ठाकुर, विक. ाश शर्मा, परमेश्वर पंडित, विकाश यादव मुख्तार अंसारी, रोहित यादव, चितरंजन यादव, सुरजदेव यादव, राजकुमार शर्मा, प्रकाश राम एवं मुकेश पा. सवान मुख्य रूप से मौजूद थे।

# किशुन यादव ने बरही पूर्वी क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का किया निरीक्षण, व्रतियों के सुविधाओं की जानकारी ली

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही पूर्वी क्षेत्र के जीप सदस्य सह जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने बरही पूर्वी क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छठ घाट स्थल के साफ – सफाई, बिजली व्यवस्था वा छठ व्रतियों की सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा की आस्था के चार दिवसीय छठ महापर्व पर व्रतियों को छठ घाटों पर किसी तरह की कोई परेशानी न हो इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मौके पर मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय यादव, कमलेश कुमार कुशवाहा,



धर्मेंद्र प्रजापति, कोषाध्यक्ष प्रकाश प्रजापति, संस्थापक संतोष कुमार प्रजापति,चंदन कुमार केशरी, बिरजू शर्मा, मुन्ना सोनी, संदीप केशरी, रोहित केशरी, टिंकू भगत सूरज शर्मा, सुरेश यादव, मनोहर यादव, संजय पांडेय, जितेंद्र पंडित, दिनेश यादव, राजेश यादव सहित दर्जनों अन्य लोग मौजूद थे।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार | सहयोगी: सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## मुखिया उषा राम ने पंचायत के सभी छठ घाटों का करवाई सफाई

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




करसो मुखिया उषा राम ने छठ पूजा को देखते हुए शनिवार को पंचायत के सभी छठ घाटों का सफाई करवाई। मुखिया उषा राम ने बताई की प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी पंचायत के सभी छठ घाटों का सफाई करवाई जा रही है। ताकि व्रतियों को किसी प्रकार का आवागमन में परेशानी का सामना न करना पड़े। जेसीबी के माध्यम से घाट तक जाने वाली सड़क को दुरुस्त कराया गया एवं आस पास के झाड़ियों की सफाई कराई गई। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि मुकेश राम, रामचंद्र यादव, ब्रह्मदेव यादव एवं बालेश्वर यादव मौजूद थे।

## विजैया छठ घाट का कराया गया सफाई

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



लोकआस्था का महापर्व छठ को देखते हुए शनिवार को जनप्रतिनिधियों ने विजैया छठ घाट को साफ करवाया। साथ ही जेसीबी के सहयोग से नदी में बांध बनाया गया। पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम ने बताया की भारतीय पर्वो में छठ पूजा को प्रमुख पर्व माना जाता है। पूरे देश में छठ पूजा को धूम धाम से मनाया जाता है। छठ पूजा की शुरुआत दिवाली के छठे दिन से होती है और 4 दिन तक इस पर्व का आयोजन होता है। साथ ही उन्होंने कहा की इस दिन छठ मैया और भग. वान सूर्य की पूजा की जाती है। मौके पर उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, मुखिया प्रतिनिधि मो मंसूर, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, उपमुखिया सुखदेव यादव, रवि प्रसाद, मेघलाल, रवि, मो सलामत, अर्जुन प्रसाद, सीता राम, लक्ष्मण प्रसाद, आलोक राणा एवं संजय राणा मुख्य रूप से मौजूद थे।

## अशोक यादव एवं अन्य ग्रामीणों के अगुवाई में मलकोको छठ घाट की हुई सफाई

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



छठ पूजा को देखते हुए मलकोको के बीएसएफ जवान अशोक यादव एवं अन्य स्थानीय ग्रामीणों ने सहयोग से शनिवार को जेसीबी के सहयोग से छठ घाट को साफ कराया गया। वहीं अशोक यादव ने बताया की आस्था के चार दिवसीय छठ महापर्व पर व्रतियों को छठ घाटों पर किसी तरह की कोई परेशानी ना हो इस पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मौके पर गुलाब दास, चौकीदार सकलदेव पासवान, समाजसेवी रंजीत यादव, सहायक शिक्षक लक्ष्मण दास, शंकर दास, गणेश दास, तुलसी पासवान, क्षत्रु यादव, अशोक पासवान, चंदर सिंह, दिनेश पासवान एवं संजय दास मुख्य रूप मौजूद थे।

## धनवार के आरागड़ा में जेएमएम नेता विनोद विश्वकर्मा ने 63 केवी ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के अरागड़ा इस्लाम मोहल्ला में शनिवार को 63 केवी ट्रांसफार्मर उद्घाटन किया गया। जिसका उद्घाटन जेएमएम नेता विनोद विश्वकर्मा ने नारियल तोड़कर एवं फीता काटकर किया। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को गरीबों के लिए मुख्यमंत्री द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा की हेमंत सरकार जनता की समस्या के समाधान के लिए हमेशा संकल्पित है। मौके पर 20 सूत्री सदस्य अब्दुल इम्तियाज उर्फ बबलू, मोहम्मद रियाज, मो इस्तियाक, मो ताहिर खान, मो मुस्लिम, मो अब्बास, मो अयुब, सिंटू अली, मो मोनाजिर, मो मिन्हाज, मो अख्तर, मो इम्तियाज, मो रफीक, मो शाहबान, मो शमशाद, मो रहमान, मो जब्बार सहित दर्जनों अन्य लोग मौजूद थे।









# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर


## छठ पूजा पर सिंघरावां मोड़ में फलों का अनोखा स्टॉल, लागत मूल्य पर मिल रहा फल

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**




लोक आस्था का महापर्व छठ धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। सूर्य देवता को प्रसन्न करने के लिए चार दिनों का अनुष्ठान इस व्रत में किया जाता हैं। इसको लेकर फलों का बाजार में लोगों की काफी भीड़ उमड़ी है। चौपारण प्रखण्ड के सिंघरावां मोड़ में सार्वजनिक छठ पूजा समिति द्वारा अनोखा स्टॉल लगता है, जहां लाखों रुपया का फल बेचा जाता है, लेकिन इसे बेचने की प्रक्रिया और तरीका बेहद अलग है। सिंघरावां व बच्छई पंचायत के सामाजिक, राजनीतिक व प्रबुद्ध जन आपस मे सहयोग राशि जमा कर फल कि खरीदारी करते है फिर उन्हें लागत दाम में बेचकर अपना राशि वापस में बांट लेते है। इस टीम में शामिल शिक्षक जनार्दन प्रसाद वर्मा व प्रकाश कुमार ने बताया कि हमारा उद्देश्य बाजार के फल मूल्यों को नियंत्रित करना है। त्योहार के समय फलों की कीमत आसमान छू जाती है तो दूसरी ओर इस बार महंगाई की मार भी लोगों को झेलना पड़ रहा है। टीम में शामिल मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक ने कहा कि हमारी टीम पूरी श्रद्धा भावना के साथ स्ट०ल का संचालन करते है। समाजसेवी रामलखन राणा ने बताया कि बच्छई, सिंघरावां, गोविंदपुर, जगद. ीशपुर सहित आसपास के पंचायतो के लोग आ रहे है और उचित दाम पर फलों की खरीदारी कर रहे है। सहयोगियो में समाजसेवी मुकेश मधेसिया, शंकर दयाल साव, रवि कुमार राणा, दिनेश साव, सिया राम सिंह, शिक्षक जनार्दन बर्मा, देवल यादव, दिनेश यादव, नकुलदेव रजक, सीता राम रविदास, हरेन्द्र राणा,अमर सिन्हा, कपिल राणा।

## डिवाइन जे एनसीसी कैडेटो ने छठ घाटों की सफाई की

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**




बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के गंगपाचो स्थित प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल के एनसीसी कैडेटो ने लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को देखते हुए किमनिया तथा गंगपाचो के छठ घाटो की सफाई की। विद्यालय के निदेशक आई पी भारती ने बच्चों को सफाई का संदेश देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में नदी तालाबों व जलस्रोतों को प्राचीन काल से स्वच्छ रखने की पंरपरा है। हमें इस पंरपरा को आगे बढ़ाना है। प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने कहा कि ब्रह्मांड की परिक्रमा कर जब रविवार को भगवान सूर्य अस्ताचलगामी होंगे, उस वक्त छठ घाटों का नजारा अलौकिक होगा। एनसीसी शिक्षिका प्रीति प्रभा कैडेट को प्रेरित करते हुए कहा कि सभी को अपने घर तथा आसपास के क्षेत्र को सफाई पर विशेष ध्यान रखना चाहिए। स्वच्छता अभियान में मुख्य रूप से विकी कुमार, अरूण कुमार, कृष कुमार, अंकित कुमार, संदीप कुमार, आनन्द कुमार, रंजन कुमार, आशीष कुमार, प्रसांत कुमार, अंकिता कुमारी, वर्षा कुमारी, खुशबू कुमारी, सोनाली कुमारी, निलम मंडल, मनीषा कुमारी, अनिषा कुमारी, रानु कुमारी, स्रुति कुमारी, विजय कुमार, सचिन पा. सवान कैडेट्स ने भाग लिए साथ ही हमेशा स्वच्छता पर जागरूक रहने का शपथ लिए।कार्यक्रम को सफल बनाने में विमल किशोर,अनिल उपाध्याय ,भोला राना,कुलदीप पा. सवान, अजय मंडल, अरूण कुमार, सुलेखा मोदी, रुबी खातुन, राधा देवी आदि शिक्षकों का योगदान सराहनीय रहा।

## विश्व पटल पर छाया पाण्डेयबारा के प्रितेश का हिंदी छठ गीत, टी सीरिज पर हुवा रिलीज,

### पहली बार छठ गीत हिंदी में आया, रिलीज़ के कुछ ही घन्टो में लाखों में पहुँचा भ्युवरस






**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**

आस्था का महापर्व छठ का त्योहार शुरू हो चुका है। झारखण्ड, बिहार यूपी के साथ पूरे देश में इस त्योहार को पूरे धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। छठ के दिनों में गीतों की भी खूब धूम रहती हैं और इसी को देखते हुए एक के बाद एक छठ के गाने रिलीज किए जा रहे हैं। पुराने गीतों के साथ नए गीतों को खूब सुना जा रहा है। यू तो छठ गीत भोजपुरी भाषा मे ज्यादा लोकप्रियता हाशिल किया है लेकिन पहली बार हिंदी में छठ गीत बनाया गया। विश्व के सबसे बड़ी म्यूजिक कंपनी टी सीरीज पर रिलीज होने के महज कुछ ही घन्टो में लाखों में भ्युवर्स पहुँच गए। जी हां विश्व पटल पर छाने वाले छठ गीत का नाम है ष्मोहे छठ का बरतष जिसका गीत के बोल व म्यूजिक पाण्डेयबारा के प्रितेश पांडेय ने दिया है। प्रितेश पांडेय इन दिनों ब०लीवुड के नामचिन्ह हस्तियों के साथ काम कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे है। इस संदेर्भ मे प्रितेश ने बताया कि लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा की बढ़ती लो. कप्रियता और आस्था से प्रेरित हो कर मैने पहली बार हिंदी भाषा में छठ गीत बनाया है। कहा मेरे संगीत के प्रशंसक जो उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड से बाहर के राज्यों से हैं वो हमेशा मुझसे कहा करते थे कि छठ गीत की धुन बहुत प्यारी लगती है पर भाषा पूरी तरह समझ नहीं आती क्योंकि आज तक छठ गीत क्षेत्रीय भाषाओं तक ही सीमित था तो मैंने एक हल निकाला और सरस्वती मां, छठ मां के आशीर्वाद से यह कर पाया। विषेश आभार विश्व की नंबर 1 म्यूजिक कम्पनी टी सीरीज का जिसने इसे रिलीज़ किया, गायिका अनिदिता बनर्जी जिन्होंने भी हिंदी में ही छठ गीत गाना पसंद किया और कोलकाता का प्रसिद्ध स्टूडियो फ्यूजन प्रो व अपने सभी साथी कलाकारों का जिनके विशेष सहयोग से इस गीत को बना पाया। मेरा सभी संगीत प्रेमियों से अनुरोध है कि छठ गीत अपनी संस्कृति व अपनी परंपरा पर हमे गर्व है अतः हम इनसे मूलभूत रूप से जुड़े रहें।

## छठ पूजा के अवसर पर छठ घाटों का पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने किया साफ-सफाई

**अपेम लाइव : संतगांवा**



सतगावां प्रखंड में शुक्रवार से शुरू हुए चार दिवसीय आस्था का महापर्व छठ पर्व को लेकर स्वच्छता के प्रति साफ सफाई को ध्यान में रखते हुए विभिन्न छठ घाटों पर प्रखंड विकास पदाधिकारी बैधनाथ उरांव व थाना प्रभारी उत्तम कुमार वैद्य,प्रमुख प्रतिनिधि रामाव. तार चौधरी,मुखिया सदानंद यादव, पंचायत समिति सदस्य रणधीर कुमार जेएसएस राजो पासवान आदि लोगों के द्वारा विभिन्न छठ घाटों पर सफाई अभियान चलाया गया जिसमें कटहरा, समलडीह,टेहरो, तमोलिया नदी आदि छठ घाटों पर सामूहिक रूप से सफाई अभियान चलाया गया साथ ही साथ बीडीओ बैधनाथ उरांव ने कहा कि छठ पर्व पर लगने वाले भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया गया एवं पुलिस प्रशासन को मुस्तैद रहने की निर्देश दिए गए एवं संबंधित प्रखंड क्षेत्र के सभी छठ घाट एवं सड़कों को आम अवाम लोगों को साफ सफाई करने को लेकर प्रोत्साहित किया गया वहीं लोगों से अपने अपने घर के नजदीक साफ सफाई रखने का निर्देश दिए हैं मौके पर मनु चौधरी,शेखर चौधरी, साजन साव, चालक सुमेश पांडेय, रवि चौधरी,उपेंद्र चौधरी,विक्की चौधरी,दिनेश चौधरी,छोटी चौधरी बबलू चौधरी आदि दर्जनों लोग मौजूद थे









डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार